वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 30 | सोमवार 29 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मई में टूटेगा 64 साल का रिकॉर्ड

### 1959 में हुई थी 100 मिमी बारिश, इस बार 82 मिमी तो हो चुकी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर में अगले तीन दिन बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान मध्यम से भारी बारिश और 40 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार हवा चलेगी। ऐसे में शहरवासी घर से निकलते समय विशेष ध्यान रखें। रविवार तड़के तेज बारिश हुई। इसके बाद दिनभर तेज धूप खिली रही। बादलों की आवाजाही रही। सुबह 29.6 मिमी बारिश दर्ज हुई। इसी तरह से बारिश का दौर जारी रहा तो मई के महीने में बारिश का नया रिकॉर्ड बन जाएगा। जयपुर में 64 साल पहले वर्ष 1959 में मई के महीने में 100.3 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। मई में अब तक 82 मिमी बारिश हो चुकी है। इधर, डीसीपी यातायात प्रहलाद कृष्णिया ने खराब मौसम के चलते फील्ड में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के एडवाइजरी जारी कर दी।

# विप्र महाकुंभ में उठा ईडब्ल्यूएस आरक्षण का मुद्दा

### समाज के युवाओं की मदद के लिए विप्र फाउंडेशन करेगा 'विप्र बैंक' की स्थापना

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आर्थिक रूप से पिछड़े विप्र युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवा में चयन एवं स्टार्टअप के लिए विप्र फाउंडेशन सहयोग करेगा। इसके लिए 'विप्र बैंक' की स्थापना की जायेगी ताकि उद्यम स्थापित करने वाले युवाओं को सस्ती दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो सके। विप्र बैंक स्थापना द्वारा एक लाख परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। यह घोषणा रविवार को थानागाजी में आयोजित आठवें विप्र महाकुंभ में की गई। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा ने बताया कि बैंक स्थापना से पहले से ही विप्र फाउंडेशन इस दिशा में कार्यरत है। संगठन का विप्र चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज (विक्की) एक ऐसा मंच है जो विप्र व्यसायियों को व्यापार-व्यवसाय में लगातार प्रोत्साहित कर रहा हैं। ओझा ने समारोह में



उपस्थित शिक्षा मंत्री डॉ.बी.डी.कल्ला का भी विप्र बैंक स्थापना की प्रेरणा देने के लिए आभार प्रकट किया तथा विप्र फाउंडेशन के माध्यम से संचालित अनेक परियोजनाओं की भी जानकारी दी।

### आरक्षण का मुद्दा भी गर्माया रहा

शिक्षा मंत्री डॉ.बी.डी.कल्ला ने 14 प्रतिशत आरक्षण की मांग को फिर दोहराया तथा कहा की यह हमारा हक है जो मिलना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक आरक्षण की मांग भी उठाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 14 प्रतिशत करने की मांग उठाते हुए कहा कि वे इसके लिए सड़कों पर भी लड़ाई लड़ेंगे। विप्र बैंक स्थापना की पहल का स्वागत करते हुए हरियाणा से आए कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने सवा लाख रुपए तथा विक्की के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव कश्यप ने 21 लाख, कल्ला ने 25 हजार रुपए से खाते खुलवाने की घोषणा की। पूर्व मंत्री रोहिताश्व शर्मा, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा, विधायक रामलाल शर्मा व संजय शर्मा, पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, कांग्रेस के नरेंद्र शर्मा आदि ने भी विप्र समाज को संगठित होने की अपील तथा समर्थन किया। गजेंद्र ज्ञानपुरिया ने बानसूर क्षेत्र में ई लाइब्रेरी स्थापना की घोषणा की।

# ग्रामोफोन रेडियो देख बच्चे हुए खुश

### कोलाज ऑफ किलकारी द्वारा स्टूडियो अतितराग में परेंट्स और बच्चों ने की विजिट

**जयपुर. कासं।** राजस्थान संगीत नाटक अकादमी और राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा क्यूरियों चिल्ड्रेन्स थिएटर की 21 दिवसीय नाट्य रंग शाला में रविवार को बच्चों को कला एवं अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए स्टूडियो अतितराग का विजिट कराया गया। जिसमें जयपुर के ख्यातनाम चित्रकार व पेपर मेन के नाम से प्रख्यात विनय शर्मा के निवास स्थान पर रखी गई पुरानी कलात्मक वस्तुओं को देखा। बहुत से टेलीफोन, पुराने ग्रामोफोन, दीवार घड़ियां,बड़ा पियानो, पुराने रेडियो देख बच्चों ने उनसे जुड़ी कहानी भी सुनी। बच्चों से बात करते हुए विनय ने कहा कि हर एक वस्तु से एक कहानी जुड़ी है और जब कभी वह अकेला महसूस करते है तो वह उन वस्तुओं से बात करते है... उनसे रिश्ता बनाते है। कहते है हर एक वस्तु जीवित है सांस ले रही है। उनका कहना है की भारत में एक बंधन महसूस किया लेकिन इंग्लैंड यात्रा के दौरान उन्हें भारत से ज्यादा कलात्मक चीजों मे छुटकारा मिला। साथ ही कहना है की विदेश जाकर दृश्य वहां के रखे परंतु परिदृश्य भारत का ही रखा। भारत के चित्रों और उनकी कला में एक ऐसा वातावरण है जो कि हिंदुस्तान के रंगों के पूर्ति करता है। इस कलात्मक सेशन में बच्चों और उनके माता पिता के बहुत से सवाल रहे। माता पिता ने भी वहां आकर अपने बचपन को याद किया। उन पुरानी यादों को याद करते हुए बहुत प्रशंसा की। बता दें कि क्यूरियों चिल्ड्रेन्स थिएटर की 21 दिवसीय नाट्य रंग शाला जयपुर में चार अलग अलग स्थानों पर आयोजित हो रही है जिसका समापन 11 जून को रविंद्र मंच पर किया जायेगा।







# तूफ़ान के बीच थोर बनकर दौड़े रनरस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

तेज बारिश और तूफान के बीच जयपुर रनरस और आईआईइएमआर के तत्वावधान में फोर्टीज हॉस्पिटल , गुलाब चंद प्रिंट अक्षय पात्र फाउंडेशन और अलादीन टेक के सहयोग से आज थोर द हीरो ऑफ रनिंग के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया , जिसमें रनरस का उत्साह देखते ही बनता था , सुबह साढ़े चार बजह अक्षय पात्र महल रोड पर जब रन की शुरूआत होने वाली थी तबह ही अचानक तेज बारिश और तूफान शुरू हुआ लेकिन इन सबके बीच भी रनरस ने अपने रन की शुरूआत की बड़ी संख्या में 21 किमी , 10 किमी , 5 किमी और 3 किमी की रन का हिस्सा बने। रन को फ्लैग ऑफ करते हुए पंडित सुरेश मिश्रा ने रनरस की जमकर तारीफ की और उन्हें सच्चा हीरो ऑफ रनिंग बताया। रन में शामिल सभी रनर्स को मेडल प्रदान किए गए और विजेताओं को ट्रॉफी जयपुर रनर्स के को फाउंडर मुकेश मिश्रा , रवि गोएनका , कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा , शिवा गौड़ , प्रवीण तिजारियाँ और विष्णु टाँक ने प्रदान की। पहले स्थान पर 21 किमी में महेश द्विवेदी समय - 1 घंटा 28 मिनिट। दुसरे स्थान पर मुकुल बंसल - समय - 1 घंटा 39 मिनिट। तीसरे स्थान सुरेश द्विवेदी का समय - 1 घंटा 44 मिनिट महिला वर्ग 21 किमी वर्ग में पहले स्थान पर रेखा विजय समय - 2 घंटे 7 मिनिट और दूसरे स्थान पर - मंजू पारीक समय - 2 घंटे 11 मिनिट। 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर मनोज चंद्र समय - 38 मिनिट 31 सेकंड , धर्मेश वर्मा समय - 49 मिनिट 47 सेकंड और तीसरे स्थान पर कृष्ण पाल चौधरी समय - 55 मिनिट 25 सेकंड। 10 किमी महिला वर्ग में पहले स्थान पर प्रयूशी शर्मा समय - 53 मिनिट 10 सेकंड दुसरे स्थान पर नंदिनी राठौड़ समय - 1 घंटा 8 मिनिट और तीसरा स्थान पर सुधा खंडेलवाल समय - 1 घंटा 16 मिनिट रही । 5 कि.मी. पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर। कृष्ण गोपाल शर्मा समय 20:21 मिनिट। दूसरे स्थान पर लोकेश चौधरी सामी 23 मिनट 26 सेकंड रहे। निपुण शर्मा 27 मिनट 23 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे 5 किमी महिला वर्ग में पहले स्थान पर भावना पारीक समय - 30मिनिट 12 सेकंड दूसरे स्थान पर मोनिका चौधरी समय - 34 मिनिट 9 सेकंड और तीसरा स्थान पर पर्ल पारीक समय - 35 मिनट 23 सेकंड रही।

# आचार्य श्री के संघ का कुचामन में प्रवेश



**शाबाश इंडिया**

तपोनिधि संत आचार्य 108 श्री शान्तिसागर जी ( छाणी ) के चतुर्थ पट्टाचार्य 108 श्री सुमतिसागर जी के परम प्रभावक शिष्य सप्तम पट्टाधीश प्रखरवक्ता, चंद्र चुडामणि, राष्ट्रसंत आचार्य 108श्री विवेकसागर जी महाराज ससंघ द्वय मुनि 108श्री वैराग्यसागर जी,108 श्री अर्चितसागर जी एवं ऐलक श्री विप्रमाण सागर जी निकटवर्ती ग्राम पांचवां से विहार करके पुरानी नाशिया जी से गाजे बाजे व जूलस से कुचामन के जिनालयों के दर्शन करते हुए नागोरी मन्दिर में प्रवेश हुआ। जूलूस में लालचंद पहाड़िया सोभागमल गंगवाल सुभाष रावका सन्तोष कुमार सुभाष चन्द पहाड़िया सुरेश गंगवाल के साथ युवा समलित हुए।

## रास्ते में सभी श्रावकों द्वारा पाद-प्राछालन किया गया

प्रवेश के पश्चात मुनि श्री का चिन्मय संत निवास में आचार्य श्री का सारगर्भित प्रवचन हुआ साथ ही सीकर व पांचवां कुकनवाली जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं द्वारा दीप प्रज्वलित पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेट किया गया नागोरी मन्दिर समिति के अध्यक्ष सुमेर मल बज, अजित पहाड़िया, विमल, विनोद, नरेश, झांझरी, सुरेश कुमार, केलाश पांड्या, प्रदीप कुमार देवेन्द्र कुमार पहाड़िया द्वारा सभी का तिलक माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

# पोलियो दिवस पर महावीर ट्रस्ट द्वारा सैकड़ों नवजात शिशुओं को दवा पिलाई



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। पोलियो से बचाव के लिए एकमात्र उपाय ''दो बूंद जिंदगी की'' नवजात शिशु को जरूर पिलाएं । यह बात महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल ने पोलियो दिवस 28 मई के अवसर पर महावीर ट्रस्ट पोलियो दवाई सेंटर में कही । उन्होंने कहा कि महावीर ट्रस्ट जनसाधारण के परमार्थ मानव सेवा के कार्यों में सदैव अपनी अग्रणी भूमिका वर्ष 1970 से निभाता आ रहा है मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायक, ऋषभ जैन, संजीव जैन सजिवनी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित हुए। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के सहयोग से पोलियो मुक्त इंदौर शहर को बनाने का संकल्प लिया है। ज्ञात रहे कि महावीर ट्रस्ट द्वारा कोविड-19 के समय करीब दो लाख डोज महावीर कीर्ति स्तंभ सेंटर रीगल चौराहे पर महावीर ट्रस्ट एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में लगाए गए थे ।

# महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस जागरुकता कार्यक्रम मनाया गया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर के संरक्षक महेंद्र कुमार पाटनी ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस जागरुकता कार्यक्रमआयोजित कर पूरे भारत वर्ष में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जा रहा है। सचिव राजेश बड़जात्या ने बताया कि इसी क्रम मे महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर द्वारा, कच्ची बस्ती, पक्षी चिकित्सालय , महावीर विकलांग केंद्र के पास, केलगिरी अस्पताल मार्ग, मालवीय नगर 28 मई को दोपहर 3 बजे 150 सेनेटरी नैपकिन का वितरण राजस्थान जन मंच के सहयोग से किया गया।

# सम्मान और पहचान व्यक्ति के कर्म और व्यवहार के परिचायक

## स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान कर पिता के संकल्प को बेटियों ने किया पूरा, मित्तल हॉस्पिटल के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित



**अजमेर. शाबाश इंडिया**

सम्मान और पहचान व्यक्ति के कर्म और व्यवहार के परिचायक होते हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को तो समाज समर्पण और सेवा भावना से ही तौल कर देखता है। मल्टी सुपरस्पेशियलिटी मित्तल हॉस्पिटल के चिकित्सकों और कार्मिकों में वह समर्पण और सेवा भावना है जिसकी पीड़ित के प्रति वर्तमान में महती जरूरत महसूस की जा रही है। सेवानिवृत्त असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर बद्रीप्रसाद कंदोई तथा प्रधानाचार्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता अंशु बंसल ने शनिवार को मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अजमेर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को उनकी सेवा और समर्पण भावना के लिए अभिनन्दन करते हुए यह विचार व्यक्त किए। अभिनन्दन स्वरूप सभी को शॉल ओढ़ाया गया व रुद्राक्ष की माला और स्मृतिचिंह भेंट किया गया । हॉस्पिटल के सीईओ एस के जैन ने सेवा अभिनन्दन समारोह के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया और बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं देते हुए वे सदैव सेवा में कमी जानने के ही अभिलाषी रहे हैं, बजाए प्रशंसा सुनने के।

### इनका हुआ सम्मान

सम्मानित होने वालों में सीनियर अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ नितिश काबरा - डॉ दीपक जैन, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ विवेक माथुर, सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ रणवीर सिंह चौधरी, कॉर्डियोग्राफर डॉ शैलेष वर्मा, रेडिओलॉजिस्ट डॉ गरिमा खींची, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ बी एल गुर्जर, डॉ हिमिशा नाग, आनन्द शर्मा, मनीष कुमार गुप्ता, अनुज माथुर, पद्मजा शर्मा, श्रीमती स्वाति वर्मा, श्रीमती बलजीत कौर, श्रीमती ललिता प्रजापति शामिल हैं। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ दिलीप मित्तल एवं मनोज मित्तल ने समारोह के लिए परिजनों व सम्मानित हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

### पिता ने किया था संकल्प...

श्रीमती अंशु बंसल ने बताया कि पीड़ित अवस्था में उनकी माँ की अच्छी सेवासुश्रुषा करने से खुश उनके पिता बद्री प्रसाद कंदोई ने संकल्प किया था कि वे उन सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान करेंगे जिन्होंने उनकी पत्नी मान कंवर अग्रवाल को पीड़ित अवस्था में सेवाएं दीं। यह बात ओर है कि उनकी माताजी मान कंवर अग्रवाल का 13 अक्टूबर 2021 में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था, लेकिन पीड़ित को



उपचार देते हुए चिकित्सकों का व्यवहार और उनके मुंह के शब्द उन्हें याद हैं जिन्हें सुन कर परिवारजनों को चिंता और परेशानी में भी शीतलता मिल जाती थी। प्रधानाचार्य अंशु बंसल ने बताया कि गत डेढ़ साल से वे लोग पिता के संकल्प को पूरा करने के इरादे से एक साथ जुटने का प्रयत्न कर रहे थे किन्तु किन्हीं कारणों से समय खिंचता चला गया। आज वे पांचों बहनें अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ राजस्थान के विभिन्न जिलों से अजमेर एकत्र हुई हैं इनमें उनकी छोटी बहन निशा मोर जोधपुर से, दीपा मित्तल अजमेर से, कुमकुम अग्रवाल गंगापुर भीलवाड़ा से तथा इंदु अग्रवाल जयपुर से यहां आई हैं। समारोह में बद्रीप्रसाद कंदोई के दामाद प्रदीप बंसल, मुकेश मोर, अशोक मित्तल, अरविंद अग्रवाल व खुशी लोहिया भी उपस्थित हुए।

### ताकि मिले प्रेरणा...

प्रधानाचार्य अंशु बंसल ने बताया कि घर–परिवार और बच्चों के शिक्षा संस्कार की चिंता में ही माताएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। उम्र बढ़ने पर जब बीमारियां घेरने लगती हैं तो पूरे परिवार का ध्यान जाता है। इससे बेहतर है कि यह जागरूकता नई पीढ़ी के बच्चों और स्वयं माताओं व बहनों में भी पहुंचे कि घर–परिवार के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी नियमित ध्यान देते रहें। पहले अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। खुद स्वस्थ्य रहने पर पूरा परिवार भी खुशहाल बना रहेगा।

## वेद ज्ञान

### स्वभाव का व्यक्ति से नाता

रुचि का अर्थ है-स्वभाव या आदत। यह व्यक्ति के जन्म लेते ही इसके साथ आती है और जीवन भर इसके साथ रहती है। इसे बदल पाना संभव नहीं होता है। जब रुचि को स्वभाव कहा गया तो यह कह दिया गया कि यह अपरिवर्तनीय है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि जिसका जन्म हुआ है उसका मरण अवश्य होगा। इसी तरह से जिसका मरण होता है उसका जन्म भी अवश्य होता है। इसलिए व्यक्ति का जो स्वभाव होता है वह उसके पिछले जन्म के संस्कारों के साथ जुड़ा होता है और यह स्वभाव सभी का अपना अलग-अलग होता है। यह स्वभाव जब कुत्सित विचारों से प्रभावित होता है, तब चाहे कोई बालक हो, युवक हो, प्रौढ़ हो अथवा वृद्ध हो ऐसा व्यवहार करने लगता है जो न उसके स्वयं के लिए कल्याणकारी होता है और न उसके परिवार और समाज के लिए ही कल्याणकर होता है। ऐसा बालक उद्दंड, क्रोधी और सभी की उपेक्षा करने वाला होता है और वह किसी की भी उपेक्षा करने में संकोच नहीं करता। फिर चाहे उसके माता-पिता ही क्यों न हों। यही उसकी कुरुचि होती है। इसी तरह से जो कुरुचि वृत्ति वाला युवक होता है वह शिक्षा-प्राप्ति के प्रति नितांत रूप से लापरवाह होता और उसके मन में किसी के प्रति भी आदरभाव नहीं होता। फिर चाहे उसे शिक्षा देने वाले उसके गुरुजन ही क्यों न हों। यही नहीं ऐसे स्वभाव वाला युवक अपने सहपाठियों के प्रति निर्मम और युवतियों का अपमान करने में गौरव का अनुभव करने वाला होता है। जब कोई कुरुचिपूर्ण विचारों वाला होता है तो वह अपने धन, विद्या, व्यवसाय आदि को लेकर इतना अहंकारी होता है कि वह किसी को भी अपने बराबर नहीं समझता। सभी को अपने से छोटा मान कर सभी के साथ तिरस्कार भरा व्यवहार करता है। अपने परिवारजनों के प्रति उसके मन में अपनत्व का भाव नहीं होता। पड़ोसियों के सुख-दुख में कभी सम्मिलित नहीं होता और सबसे स्वयं को अधिक बुद्धिमान मानकर ऐंठा-ऐंठा सा बना रहता है। कभी-कभी तो सुबुद्ध कहे जाने वाले और कथित शिक्षित भी अपने ज्ञान का घमंड लेकर दूसरों से तर्क-कुतर्क करता है और दूसरे को नीचा दिखाकर गौरवान्वित होता है। वह यह भूल जाता है कि दूसरे का अपमान करने वाला स्वयं ही समाज की नजरों में गिर जाता है।

## संपादकीय

### 34 मंत्री, जातियों का ध्यान और सियासी समीकरण

कांग्रेस की कर्नाटक सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार हो गया है। शनिवार को कुल 24 मंत्रियों को शपथ दिलवाई गई। अब कौन से मंत्री को क्या विभाग मिला, इसकी जानकारी भी सामने आ गई है। सीएम सिद्धारमैया ने अपने पास वित्त मंत्रालय रखा है, वहीं डीके शिवकुमार को सिंचाई और बेंगलुरु सिटी डेवलपमेंट विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कर्नाटक सरकार में गृह मंत्रालय का जिम्मा जी परमेश्वर को दिया गया है, वहीं एसच के पाटिल को लॉ एंड पार्लियामेंट अफेयर्स का मंत्री बना दिया गया है। इसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे को विकास और पंचायती राज पोर्टफोलियो मिला है। वैसे सीएम सिद्धारमैया ने वित्त के अलावा अपने पास कैबिनेट मामले, पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म और सूचना



विभाग, इंटेलिजेंस भी रखा है। वैसे इस बार कांग्रेस ने अपने कैबिनेट विस्तार में हर जाति का भी पूरा ध्यान रखा है, जिसका जितना असर, उसे उतना प्रतिनिधित्व देने की कोशिश रही है। इसी वजह से कैबिनेट में आठ लिंगायत, पांच एससी, 7 एसटी, तीन ओबीसी, 6 मुस्लिम, दो ब्राह्मिण, एक जैन और एक क्रिशचियन को शामिल किया गया है। यहां ये समझना भी जरूरी है कि इस बार कर्नाटक सरकार में कुल 34 मंत्री रहने वाले हैं, यहां भी आठ ने तो पहले ही शपथ ले ली थी, शनिवार को 24 अन्य मंत्रियों का भी शपथ ग्रहण हो गया। अब ये कैबिनेट विस्तार उस समय हुआ है जब राज्य में काफी रस्साकशी के बाद मुख्यमंत्री का चयन हुआ है। इसी रस्साकशी की वजह से माना जा रहा था कि कैबिनेट विस्तार के दौरान भी विवाद खड़ा हो सकता है। लेकिन बातचीत के जरिए जमीन पर स्थिति को काबू में रखा गया और बिना ज्यादा बवाल के 24 मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह हो गया। अभी के लिए जिस फॉमूर्ले पर ये सरकार चल रही है, उसमें ढाई साल के लिए तो सत्ता सिद्धारमैया के पास है, लेकिन बाद में डीके शिवकुमार को दे दी जाएगी। कर्नाटक नतीजों की बात करें तो इस बार कांग्रेस ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए 135 सीटें जीतीं, वहीं बीजेपी को बड़ा नुकसान हुआ और उसका आंकड़ा महज 66 पर रुक गया। इसी तरह जेडीएस इस बार सिर्फ 19 सीटें जीतने में कामयाब हो पाई। आंकड़े बताते हैं कि इस चुनाव में कांग्रेस को हर वर्ग का वोट मिला, हर समुदाय ने पार्टी को पहली पसंद माना और इसी वजह से जीत का मार्जिन भी इतना ज्यादा बड़ा रहा। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### नई संसद...

देश के कई राज्यों की संस्कृति इस एक इमारत में शामिल कर ली गई है। राजस्थान से लेकर इंदौर तक, कई राज्यों की मदद से नया संसद तैयार हुआ है। नए संसद भवन का आज उद्घाटन होने जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजादी के 75 साल बाद नए लोकतंत्र के मंदिर की सौगात देने जा रहे हैं। ये नया संसद भवन सिर्फ अत्याधुनिक या कहें भव्य नहीं है, बल्कि इसे ऐसे डिजाइन किया गया है, इसे देख मिनी इंडिया की याद आ सकती है। देश के कई राज्यों की संस्कृति इस एक इमारत में शामिल कर ली गई है। राजस्थान से लेकर इंदौर तक, कई राज्यों की मदद से नया संसद तैयार हुआ है। बताया जा रहा है कि नए संसद भवन में जिस खूबसूरत सैंडस्टोन का इस्तेमाल हुआ है, वो राजस्थान मंगवाया गया है। असल में राजस्थान में सरमथुरा का सैंडस्टोन काफी लोकप्रिय है, ऐसे में इसका इस्तेमाल नए संसद भवन में भी हो गया है। इसी तरह जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें संसद का कालीन भी आकर्षण का केंद्र बना है। अब बता दें कि ये कालीन उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर से आया है। संसद भवन में जो अशोक चक्र स्थापित किया गया है, वो मध्य प्रदेश के इंदौर से आया है, ऐसे में देश का दिल माने जाने वाले एमपी का भी अपना योगदान रहा है। नए संसद भवन पर कई जगह सफेद संगमरमर का भी इस्तेमाल हुआ है, उस वजह से ही खूबसूरती को चार चांद भी लगे हैं। अब जिस सफेद संगमरमर की चर्चा सब जगह हो रही है, वो भी राजस्थान के अंबाजी से मंगवाया गया है। इसी तरह भवन को बनाने में जिस सौगान की लकड़ी का प्रयोग किया गया, वो नागपुर से खास मंगवाई गई। इसके अलावा भवन बनाने में भारी मात्रा में रेत की भी जरूरत पड़ी। ये रेत हरियाणा के चरखी दादरी से लाई गई। वहीं नए संसद भवन की फ्लोरिंग भी तारीफ योग्य है, जिस फिनिशिंग के साथ उसे तैयार किया गया है, हर कोई देखता रह गया है। इस खास फ्लोरिंग का श्रेय त्रिपुरा के बांस को जाता है जिसका इस्तेमाल संसद भवन में किया गया है। अब इस नए संसद भवन को बनाने हुए किस तरह से बारीकियों पर ध्यान दिया गया है, इसे ऐसे समझ सकते हैं कि लोकसभा और राज्यसभा की फाल्स सीलिंग में लगाई गई स्टील दमन-दीव से मंगाई गई है। वहीं जो आलीशान फर्नीचर संसद में रखा गया है, वो खास मुंबई से तैयार हुआ है। इसी तरह पत्थर पर जो जाली का बारीक काम देखने को मिला है, उसका श्रेय दोनों नोएडा और राजस्थान को दिया जा रहा है। इस बार संसद भवन की विशाल दीवार भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसका सारा काम इंदौर में हुआ है, वहीं खास तरह की ईंटें हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लाई गई हैं। इसी तरह नए संसद भवन में जो ट्रेंच देखा गया है, उसमें जो पीतल और सीमेंत का काम है, वो अहमदाबाद से आया है। यानी कि एक संसद भवन ने राजस्थान से मध्य प्रदेश तक, महाराष्ट्र से त्रिपुरा तक, हर राज्य को जोड़ने का काम कर दिया है। अब ये नया संसद भवन मिनी इंडिया की झलक तो दिखा ही रहा है, कुछ दूसरे कारणों की वजह से भी इसे खास माना जा रहा है। असल में इस नए संसद भवन में एक नहीं कई खास बातें हैं। जगह के लिहाज से तो बड़ा परिवर्तन आने वाला है। जो नया संसद भवन है, वहां पर अब लोकसभा में 888 सदस्यों की क्षमता रहने वाली है, पहले ये सिर्फ 552 थी। इसी तरह राज्यसभा में ये आंकड़ा नए संसद में 384 हो जाएगा जो पहले सिर्फ 250 था। संयुक्त बैठक के दौरान तो एक बार में अब 1272 सदस्य बैठ पाएंगे। आकर्षण का केंद्र इस बार लोकसभा और राज्यसभा का डिजाइन भी है। असल में नई लोकसभा को राष्ट्रीय पक्षी मयूर को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, वहीं राज्यसभा को कमल फूल से प्रेरित बताया गया है।




# 3 सितम्बर को होगा महासंगम: प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की हुई संयुक्त बैठक

## राजस्थान के 51 हजार बूथ से हर बूथ से होंगे विप्र बंधू शामिल, 200 विधानसभाओं के बनाये जायेंगे प्रभारी




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आगामी 3 सितम्बर को होने वाले ब्राह्मण महासंगम के लिये आज बनीपार्क स्थित खण्डाका मैरिज गार्डन में सर्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश के हर बूथ से कम से कम 10 ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिये प्रदेश के कुल 51 हजार बूथों पर समाज के बंधुओं से सम्पर्क किया जायेगा और 200 विधानसभाओं के प्रभारी बनाये जा रहे हैं। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 3 सितम्बर को आने वाले महासंगम के प्रति समाज का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसलिये इस बार पहली बार प्रदेश की 200 की 200 विधानसभाओं से समाज बंधुओं को जयपुर बुलाया जाएगा और समाज हित में जो भी निर्णय इस महासंगम में लिये जायेगें उन्हें समाज के हर तबके तक पहुंचाया जायेगा। मिश्रा ने बताया कि इस महासंगम में ब्राह्मण अस्मिता को मजबूत करने, समाज को एकजुट करने साथ ही राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से समाज की ताकत को बढाना, एकमात्र उद्देश्य होगा। महासभा ने एक लम्बी लड़ाई ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिये लड़ी थी। उस समय भी महासभा ने लाखो लाख ब्राह्मणों की आरक्षण रैलियां आयोजित की थी और सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उस समय महासभा के मंच पर आकर समर्थन दिया था। महासभा ने लक्ष्य तय किया है कि इस बार विधानसभा चुनाव में समाज का प्रतिनिधित्व बढे और समाज एकजूट होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस संदर्भ में आने वाले 3 माह तक पूरे प्रदेश में महासभा के पदाधिकारी छोटे-बढे सम्मेलन गांव, ढाणी स्तर पर करके एक विशेष कार्य योजना बनाकर लोगो जयपुर महासंगम में आमंत्रित करेंगे। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, संरक्षक एच.सी. गणेशिया, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पं. मुकेश भारद्वाज, देवी शंकर शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा सविता शर्मा, जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, जयपुर देहात जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पंचोली, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, जयपुर युवा अध्यक्ष अविकुल शर्मा, टोंक जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, प्रदेश सचिव हनुमान शर्मा, बूंदी जिलाध्यक्ष अम्बरीश व्यास, अध्यक्ष गंगापुर सिटी बालकृष्ण शर्मा, भरतपुर जिला अध्यक्ष ताराचंद शर्मा, अलवर जिलाध्यक्ष पं. राजकुमार पंडा, धौलपुर जिला अध्यक्ष लवकुश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मधुसूदन शर्मा, श्याम शास्त्री, हरीश मिश्रा, जोधपुर संभाग अध्यक्ष सत्यप्रकाश बोहरा, प्रदेश सचिव राकेश शर्मा, कोटा देहात अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, महिला प्रकोष्ठ से निधि शर्मा, ममता पंचोली, युवा प्रदेशाध्यक्ष गब्बर कटारा, मनोज मिश्र, अवधेष शर्मा टोंक, मांगी लाल पण्डया, शिवचरण शर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लेखक - निर्देशक के अंतर्संबंध को और संपुष्ठ किया कार्यशाला ने





## तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य लेखन एवं निर्देशन कार्यशाला संपन्न

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर द्वारा भारतीय लोक कला मण्डल के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य लेखन एवं निर्देशन कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। कला मण्डल निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि इस कार्यशाला में देश एवं प्रदेश के 50 से अधिक ख्यात नाट्यविद्, नाटककार, नाट्य निर्देशक, समीक्षक एवं चिन्तकों ने भागीदारी निभाई। कार्यशाला के अन्तिम दिन प्रथम सत्र में पुरस्कृत नाट्य लेखकों सहित अन्य कई लेखकों ने भी कार्यशाला अनुभव साझा किए। इस दौरान पुरस्कृत नाटकों के चयनित निर्देशकों के वक्तव्य विषय पर चर्चा सत्र का संचालन करते राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं अकादमी फैलो तथा वर्तमान में राजस्थान मेला प्रधिकरण के उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री रमेश बोराणा, नाट्य समीक्षक राघवेंद्र रावत और ख्यात रंगकर्मी भानु भारती ने विचार रखे। इस मौके पर भानु भारती ने कहा कि कोई भी कार्यशाला दो तीन दिन में लेखक/निर्देशक नहीं बना सकती। हां,दिशा तय कर सकती है, गहरी समझ पैदा कर सकती है। ऐसी कार्यशाला में जो प्रश्न और कौतूहल उपजते हैं, उन्हें हल करते रास्ते खुद ही तलाशने होंगे। समापन सत्र में कार्यशाला समीक्षात्मक वक्तव्य नाट्य समीक्षक नन्दकिशोर आचार्य ने दिया। उन्होंने कहा कि महज जानकारियां देना कार्यशाला का प्रयोजन नहीं है, बल्कि तार्किक क्षमता को बढ़ाने और सवालों की समझ पैदा करना भी है। इसी तरह नाटकों का मंचन महज मनोरंजन की दृष्टि से ही नहीं, चेतना को पोषित करने के लिए होना चाहिए। उन्होंने युवा नाटककारों को चेताया कि कलाकार/लेखक/ निर्देशक को पुरस्कार और प्रसिद्धि के प्रलोभन से भी बचना चाहिए। रमेश बोराणा ने कहा कि यह कार्यशाला का समापन नहीं वरन आगाज है, इस तरह की कार्यशालाएं आगे और भी आयोजित होंगी। अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश मालु ने कार्यशाला में आए सभी नाट्यविद्, नाटककार, नाट्य निर्देशक, समीक्षक एवं चिन्तकों का आभार व्यक्त करते कहा कि कार्यशाला के दौरान चयनित 34 नाटक पूरे प्रदेश के नाट्य निर्देशकों को भेजे जाएंगे। समापन सत्र का संचालन कार्यशाला समन्वयक डॉ. लईक हुसैन ने किया।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# लेस मेकिंग और कट वर्क कार्यशाला में सीखे नई विधा के गुर, शिल्पग्राम में 1 जून से भरतनाट्यम कार्यशाला





**उदयपुर. शाबाश इंडिया** ।पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय लेस मेकिंग एंड कटवर्क कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। गौरतलब है कि लेस मेकिंग एंड कट वर्क एक्सपर्ट सोफिया जयपुरी के निर्देशन में शहर की किशोरियों संग वरिष्ठ जन महिलाओं ने इस विधा की बारीकियां सीखी। कार्यक्रम अधिकारी विलास जानवे ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रत्येक प्रतिभागी ने कट वर्क में दो टेबल मेट्स बनाईं। वहीं कुछ ने लेस मेकिंग में भी नई तकनीक का उपयोग कर कुशन कवर भी तैयार किए। बता दें, इस प्रकिया में सफेद सिंथेटिक कपडे पर डिजाइन की ट्रेस करने के बाद उस पर 3डी आउट लाइनर के माध्यम से बनी कलाकृतियों को बनाने में एक खास किस्म के रंग का प्रयोग किया जाता है। इस कारण समय बहुत कम लगता है साथ ही धागे का प्रयोग नहीं करने के बाद भी लेस बनावट जैसा आभास होता है। कार्यशाला प्रभारी हेमंत मेहता ने बताया कि समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं द्वारा बनाई गयी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों को केंद्र निदेशक की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी विलास जानवे ने सांस्कृतिक केंद्र की ओर से प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मासूमा, सुनील निमावत, चन्द्रशेखर सुखवाल, महेन्द्र सिंह गहलोत, विवेक पारेख, नारायणलाल डांगी, लीलूराम आदि उपस्थित थे।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**




# अष्टप्रतिहार्य युक्त भगवान के दर्शन से मिलती है संतापों से मुक्ति

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** अजमेर जिनेन्द्र देव के अष्टप्रतिहार्य का अर्थ व महत्व बतलाते हुए भैया अंकित शास्त्री ने कहा कि इनसे युक्त भगवान के दर्शन से संतापों, दुखों और कष्टों से मुक्ति मिलती है। शनिवार को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन जिनालय सर्वोदय में उन्होंने कहा कि अष्टप्रतिहार्य - सिंहासन, दिव्य ध्वनि, चंवर, भामंडल, सुरपुष्प वृष्टि, देव दुंदुभी, अशोक वृक्ष, छत्र त्रय के साथ भगवान के बहिरंग स्वरूप के दर्शन और चिंतन से दर्शनार्थी भावों से जुड़ जाता है तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है। 20 तारीख से लगे स्वाध्याय महायज्ञ सर्वोदय शिविर का शनिवार को अंतिम दिन था। इस अवसर पर सभी शिविरार्थियों को प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रुतपंचमी पर श्रुत संवर्धन, शास्त्र साज-सज्जा प्रतियोगिता के विजेता रहे रेणु सौगानी, आशा दोसी, देशना गदिया को सम्मानित किया गया।




स्वाध्याय परीक्षा में वीरेंद्र पाटनी, मधु जैन, अंकिता जैन, शालिनी जैन विजेता रही, जिन्हें भी सम्मानित किया गया। शिविर में छतरी योजना, नाका मदार, वैशाली नगर, शास्त्री नगर आदि से कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों की बाल बोध पाठशाला शास्त्री अभिषेक जी भैया ने ली। पाठशाला के सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। जिनालय समिति की ओर से श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर का भी आभार जताया गया, जिसने जिनशासन की प्रभावना बढ़ाने व शिविर लगाने हेतु विद्वान पंडित भैया उपलब्ध कराये। इस अवसर पर अंकित भैया शास्त्री की प्रवचन शैली का बखान करते हुए जिनालय समिति ने उन्हें सारस्वत वक्ता की उपाधि दी तथा शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र दिया व सम्मान किया। अंत में कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने व सहयोग करने के लिए जिनालय समिति के मंत्री विनय गदिया ने सुभाष पाटनी, पदमकान्त गदिया, रेणु पाटनी, मधु जैन, कमल कासलीवाल, पारस पाटनी, विजय दनगसिया, वीरेंद्र पाटनी, स्तुति काला, अभय जैन, धनकुमार लुहाड़िया आदि सभी का आभार जताया। इस अवसर पर प्रेम पाटनी, सुशील दोसी, महेश गंगवाल, मंगलचंद पाटनी, रूपचंद छाबड़ा, नवीन पाटनी, अशोक सुरलाया, दीपक पाटनी, मुकुल सौगानी, राजकुमार बिलाला, अनिल पाटनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## जे एस जी जनक ने देखी केरला स्टोरी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप जनक एवं राजस्थान जैन आगेर्नाइजेशन द्वारा महिला जागरूकता हेतु दी केरला स्टोरी मूवी का विशेष शो फर्स्ट सिनेमा सिनेप्लेक्स में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नारी शक्ति ने मूवी को देखा इस मूवी शो के लिए विशेष सहयोग राजेश काला, कमलेश जैन एवं राजीव जैन की ओर से दिया गया। मूवी शो से पूर्व आयोजित समारोह में मूवी की प्रासंगिकता वर्तमान समय में पर मंत्री पवन पांडेय राजस्थान जैन आगेर्नाइजेशन द्वारा बताया गया ।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विमलेश राणा द्वारा बताया गया कार्यक्रम में तकरीबन 200 लोगों ने मूवी शो का आनंद लिया आर जे ओ अध्यक्ष मनीष झंझरी द्वारा दानदाताओं का सम्मान किया गया एवं जनक अध्यक्ष रश्मि जैन ने पधारे हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल के नई टीम की हुई घोषणा

## रानी पाटनी अध्यक्ष, सुजाता स्वर्णकार सचिव बनी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा सर्वसम्मति से सत्र 2023-24 के लिए नई PST टीम की घोषणा की गई जिसमें लॉ. रानी पाटनी को अध्यक्ष, लॉ. सुजाता स्वर्णकार को सचिव, व लॉ.मंजु पुरी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आप सभी को सत्र 2023-24 के लिए अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं।



# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर में शिक्षण शिविर का हुआ समापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति श्रमण संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर में धार्मिक शिक्षण शिविर 14 मई रविवार 2023 से चल रहा है। आज 10 दिन के इस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का प्रारंभ चित्र अनावरण के साथ किया गया। चित्र का अनावरण श्रीमती इंदू जैन w/o रिद्धि चंद जी जैन सवाईमाधोपुर वालो की तरफ से किया गया। उसके बाद दीप प्रज्वलन पवन कुमार बड़जात्या के द्वारा किया गया। समारोह में श्रीमती बबिता जैन के द्वारा बहुत ही सुंदर मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष एवम मंत्री तथा युवा मंडल के अध्यक्ष एवम मंत्री भी समापन समारोह में उपस्थित हुए तथा उन्होंने भी शिविर के बारे में अपनी राय बताई। पार्श्वनाथ महिला संभाग की मंत्रीश्रीमती भँवरी देवी जी जैन ने बताया कि इस शिविर में लगभग 105 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। पार्श्वनाथ महिला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती नीता जी जैन ने परीक्षार्थियों से शिविर के बारे में तथा विदुषी दीदियो के बारे में राय जानी और दीदीयो का सम्मान किया गया। सभी परीक्षार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा इसी के साथ जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता की भी इनाम वितरित की गए। अंत में संभाग की अध्यक्ष श्रीमती नीता ने सभी आगंतुकों अल्पाहार करवा करके कार्यकर्म का समापन किया।



# नेट थिएट पर नवांकुर की शानदार प्रस्तुति

## पखवाज और तबले की जुगलबंदी ने जमाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेट थिएट कार्यक्रमों की शृंखला में आज कल्पना संगीत विद्यालय के साधनारत नवांकुर कलाकारों की पखावज और तबले की जुगलबंदी ने ऐसा रंग जमाया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि संगीत गुरु पं आलोक भट्ट के शिष्य बीर तिवाडी और शशि मोठिया ने पखावज और तबले की जुगलबंदी में तीन ताल में प्रस्तुत पारंपरिक सबक दोनों उदयीमान कलाकारों ने अपने वादन में प्रस्तुत किया। सूरज मोठिया ने अपने तबला वादन में दिल्ली घराने के कायदे, टुकड़े, गत प्रमुख रहे । धा तिरकिट धा, गेना का कायदा धा तीट के बोल को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। पखवाज कलाकार अबीर तिवाडी ने पखावज पर परने चाला, कायदा जुगलबंदी आदि प्रमुख रहे। तीटिकता के बोल पखावज के प्रारंभिक सबक ने सभी को आनंदित किया। इन कलाकारों के साथ सूरज मोठिया ने लहरें पर असरदार संगतकर पखवाज और तबले की जुगलबंदी को ऊंचाइयां देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। आपको बता दें यह तीनों कलाकार 13 से 14 वर्ष की आयु के हैं और बड़ी लगन के साथ संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा लाइट मनोज स्वामी, साउंड तपेश शर्मा, मंच व्यवस्था सागर गढ़वाल एवं अंकित शर्मा नोनू की रही।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# समाज के लिए जनकल्याणकारी बहुउद्देशीय जैनम मेगा फ़ेयर हुआ आयोजित





**जयपूर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन समाज समिति, टोंक रोड संभाग द्वारा द्वितीय बहुउद्देशीय जैनम मेगा फेयर का आयोजन 28 मई रविवार को कीर्ति नगर जैन मन्दिर में किया गया ।समिति के मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला , मुख्य प्रभारी जगदीश जैन , व उप मुख्य प्रभारी अनिल जैन छाबड़ा ने बताया की इस फेयर में बेरोजगार युवकों को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार हेतु छ बड़ी कंपनियों की सहभागिता रही तथा बारह अभ्यार्थियों को स्पॉट प्लेसमेण्ट प्रदान किया ।कैरियर काउन्सलिंग हेतु युवाओं की लंबी लाइन रही जिन्हें वर्तमान परिपेक्ष अनुसार मार्गदर्शित किया गया। विवाह हेतु 238 युवक युवतियों का पंजीकरण हुआ ।उपस्थित अभिभावकों को आपस में मिलाया गया जिसमे दस परिवार की सहमति बनी।कोष प्रभारी सुनील बज के अनुसार फेयर के लिए सभी का पंजीकरण निःशुल्क रखा गया तथा फेयर में आधुनिक तकनीक के साथ प्रशिक्षित कार्यकर्ताओ द्वारा व्यवस्थित रूप से सभी कार्य किया गया। जैनम मेगा फेयर का उद्घाटन व दीप प्रज्वलन समाज श्रेष्ठी चन्द्र कला पदम चंद सेठी परिवार सेंट्रल बैंक वालों द्वारा किया गया। फेयर में कैलाश छाबड़ा गायत्री नगर, राजेंद्र काला दुर्गापुरा, भागचंद मित्रपुरा जैन बैंकर्स , देवेंद्र कासलीवाल जनकपुरी आदि की उपस्थिति रही ।

## मंदिर महासंघ द्वारा निर्माल्य द्रव्य की अवधारणा पर संगोष्ठी आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर महासंघ द्वारा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रताप नगर सेक्टर 8 जयपुर में वात्सल्य रत्नाकर परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमल सागर जी मुनिराज से अंतिम दिक्षित पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज के सानिध्य में ॥निर्माल्य द्रव्य की अवधारणा॥ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।संगोष्ठी का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन प्रमुख समाज श्रेष्ठी रमेश चंद गंगवाल(सुरेखा साडीज) ने किया तत्पश्चात चंदनमल अजमेरा ने मंगलाचरण किया गया। मंदिर महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन पाटनी ने विषय विशेष की भूमिका बताते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । महामंत्री राजकुमार कोठ्यारी द्वारा मंदिर महासंघ का परिचय दिया गया ।उसके उपरांत विषय विशेष पर डॉ. प्रेमचंद रावका, जयपुर व प्रो.(डॉ.) टीकम चंद जैन (दिल्ली) ने विषय की अपने अपने तरीके से निर्माल्य द्रव्य की परिभाषा बताई, जिस का विस्तृत रूप से प्रतिष्ठाचार्य पंडित हंसमुख शास्त्री ( धरियावाद ) ने निर्माल्य द्रव्य की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## नवीन संसद भवन के लोकार्पण समारोह में गूंजा जैन धर्म का मंगलाष्टक

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा नवीन संसद भवन का ऐतिहासिक उद्घाटन किया।एवं नवीन संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया। इन अनुपम पलों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें जैनधर्म का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ0 इन्दु जैन राष्ट्र गौरव जन-जन के कल्याण के जैन धर्म का मंगलाष्टक गाया। इसी के साथ उन्होंने भगवान महावीर का गुणगान करते हुए महावीर अष्टक का भी मधुर स्वर देते हुए गान किया तब सभी इसे भव्य विहल होकर सुन रहे थे। उन्होंने अंत में कहा कि अहिंसा का प्रसार जन-जनतक हो और भगवान महावीर का संदेश जन-जन तक पहुंचे। जो सचमुच गौरवमई क्षण कहे जा सकते हैं। जैन धर्म सदा अहिंसा शांति का प्रेरक है। आज यह क्षण अमूल्य क्षण है। **जीवन परिचय डॉक्टर इंदु जैन:** डॉक्टर इंदु जैन जैनदर्शन के प्राकृत भाषा के प्रसिद्धविद्वान प्रो. फूलचन्द जैनप्रेमी एवं विदुषी डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन, वाराणसी की सुपुत्री है।एवम समाजसेवी श्री राकेश जैन की धर्मपत्नी हैं। इनके विषय पर हम नजर डाले तो हम गौरव से भर जाएंगे। इन्हे जैनधर्म-दर्शन-संस्कृति, प्राकृत, संस्कृत-हिन्दी- अपभ्रंश भाषा एवं साहित्य, ब्राह्मीलिपि, शाकाहार तथा भारतीय संस्कृतिक संरक्षण-संवर्धन के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार कर रही हैं।इतना ही नहीं इन्हे अनेक पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व की जानकारी पर यदि हम गौर करें तो डॉक्टर इंदु जैन द्वारा जब नवीन संसद भवन का भूमि पूजन किया गया था तब भी इनके द्वारा सर्व प्राचीन प्राकृत भाषा में जैन धर्म की विशेष प्रार्थना की थी। आज पुनः इन्हीं के द्वारा जिन धर्म की प्रार्थना के स्वर गूंजे।यह क्षण कभी ना भूलाए जाने वाले पल है। **अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**



# राम कथा के दौरान गणेश दास महाराज ने सुनाया जानकी विवाह का प्रसंग



## श्री हरि हरात्मक महायज्ञ में यजमानों ने दी, 2लाख51हजार आहुतियां

**विराटनगर. शाबाश इंडिया।** श्री पंच खंडपीठ भीम गिरी पर्वत पर पंच खंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्री हरि हरात्मक महायज्ञ में रविवार को यज्ञाचार्य गणेश दास महाराज( अयोध्या धाम ) एवं उपाचार्य पंडित गोपाल शुक्ला के आचार्यत्व में ब्राह्मण पंडितों ने प्रधान कुंड पर विराजित संतोष कुमार जैन सहित 141 यजमानों को 2 लाख 51 हजार आहुतियां दिलवाई। यज्ञ में आयोजित राम कथा के दौरान कथावाचक गणेश दास महाराज ने जानकी विवाह तक का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर किया।इससे पूर्व गुरु वशिष्ठ द्वारा शिक्षा दीक्षा, राक्षसों द्वारा



मुनि विश्वामित्र के यज्ञ का विध्वंस, मुनि विश्वामित्र का अयोध्या के महाराजा दशरथ से अपने यज्ञ की सहायतार्थ भगवान राम और लक्ष्मण को मांगना, भगवान राम के द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करना और ताड़का का वध करना, अहिल्या उद्धार, गिरजा पूजन, धनुष यज्ञ तक का प्रसंग सुनाया। यज्ञ मीडिया समन्वयक मामराज सोलंकी ने बताया कि यज्ञ व्यवस्था को लेकर सैकड़ों स्वयं सेवक अपनी अपनी सेवाओं में जुटे हुए हैं। यज्ञ में रविवार को मुन्ना भाई तथा मनोज कुमार सैनी की ओर से भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 25हजार श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ली। इस अवसर पर सोमवार को प्रतिष्ठापित होने वाली श्री भीमसेन महाराज व देवी हिडिंबा की प्रतिमा का पंडित गोपाल शुक्ल के आचार्य में अनिल शर्मा, मधु शर्मा पूर्व सरपंच ढाणी गैस कान द्वारा फलादिवास का अनुष्ठान करवाया गया।

**इन्होंने की यज्ञ में शिरकत:** गुजरात संत समाज के प्रमुख एवं केवल पीठाधीश्वर जगतगुरु अविचल दास जी महाराज, गलता पीठाधीश्वर अवधेशानंद जी महाराज, युवाचार्य राघवेंद्र दास महाराज का यज्ञ में पदार्पण हुआ। जिसमें गलता पीठाधीश्वर अवधेशानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि पंच खंड पीठाधीश्वर सोमेंद्र महाराज सनातन धर्म की पताका फहराते और लहराते रहेंगे। वंही राजस्थान सरकार के शिक्षा कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला, राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा, कांग्रेस नेता भीमसेन दोहराता, भाजपा नेता रानी रत्नाकुमारी ,महेश सिंधु ने यज्ञ में आहुति प्रदान की तथा यज्ञ मंडप के परिक्रमा लगाकर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

# भारत विकास महिला परिषद ने बांधे परिंडे व चप्पल वितरण की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत विकास महिला परिषद द्वारा दिनांक 27/05/2023 को गोरधनपुरा माताजी मंदिर परिसर में पक्षियों हेतु पेड़ो पर परिंडे बांधे व वहाँ पुजारीजी व कार्यरत श्रमिको को पानी की देखरेख की जिम्मेदारी दी। उसी समय वहाँ कई गरीब बच्चों व महिलाओं को तपती धूप में नंगे पैर देख तुरंत ही चप्पले मंगवाकर पहनाई। ओर गरीब बस्तियों मे जा कर जरूरत मंद महिलाओं व बच्चो को चप्पल वितरण की। इस भीषण गर्मी में बच्चो को ठंडी मिरिंडा के पैकेट का भी वितरित किये। महिला परिषद की पूर्वी पतीरा ने बताया परिषद की संरक्षक माला अग्रवाल ,अध्यक्ष मधु संघवी, सचिव संगीता सेठिया,कोषाध्यक्ष अंजना अरोडा,आशा सतीजा, शिखा खंडेलवाल, किरण विजावत, शकुंतला गुप्ता ने वितरण किया। **संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**


